# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 09.09.2026 समय : 1905

**<><><><><><><>**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने पर भाजपा शुरू करेगी एक महीने का 'सेवा संकल्प अभियान', 17 सितंबर से देशभर में होंगी विभिन्न सेवा गतिविधियां।
- विश्व कौशल प्रतियोगिता में भारत की बढ़ी भागीदारी, करीब 70 प्रतियोगियों का दल 11 नई कौशल श्रेणियों में पहली बार करेगा मुकाबला।
- शहीद द्वीप में आर ए एम पी योजना पर सहायता शिविर, खगोलीय पर्यटन को बढ़ावा देने और उद्यमों को मिलने वाली सुविधाओं की दी जाएगी जानकारी।
- कैंपबेल बे में मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, आवासीय परिसर से गांजे का पौधा बरामद और एक व्यक्ति गिरफ्तार।

**<><><><><><><>**

भारतीय जनता पार्टी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 17 सितंबर से एक महीने का सेवा संकल्प अभियान शुरू करेगी। यह अभियान प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर शुरू किया जाएगा। नई दिल्ली में आज संवाददाता सम्मेलन में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 7 अक्टूबर को जनसेवा के 25 वर्ष पूरे करेंगे। प्रधानमंत्री ने 7 अक्टूबर 2001 को ही गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इन वर्षों में 'जनसेवा से राष्ट्रसेवा' के मंत्र के साथ सेवा की यात्रा को लगातार आगे बढ़ाया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति केवल विकास तक सीमित नहीं रही, बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान और विरासत भी मजबूत हुई है। सेवा संकल्प अभियान की शुरुआत रक्तदान शिविरों के आयोजन से होगी। उन्होंने कहा कि 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक जनभागीदारी के साथ आयोजित किया जाएगा।

**<><><><><><><>**

भारत इस महीने की 22 से 27 तारीख तक चीन के शंघाई में आयोजित होने वाली अड़तालीसवीं विश्व कौशल प्रतियोगिता में पहली बार 11 नई कौशल श्रेणियों में हिस्सा लेगा। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के अनुसार, टीम स्किल इंडिया चौसठ में से तिरसठ प्रतियोगिताओं में भाग लेगी। इसके लिए करीब 70 प्रतियोगियों का दल चीन जाएगा। मंत्रालय ने कहा है कि यह विश्व कौशल प्रतियोगिता में भारत का अब तक का सबसे बड़ा और विविध प्रतिनिधित्व है। पहली बार जिन कौशल श्रेणियों में भारत हिस्सा ले रहा है, उनमें दंत कृत्रिम अंग निर्माण और डिजिटल संवादात्मक माध्यम अभिकल्प जैसी श्रेणियां शामिल हैं। मंत्रालय की सचिव देबाश्री मुखर्जी ने कहा कि नई कौशल श्रेणियों में भारत की भागीदारी देश के कौशल तंत्र के निरंतर विकास को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को वैश्विक मानकों पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार कर रही है। इसके लिए मजबूत साझेदारी और निरंतर अभ्यास पर जोर दिया जा रहा है।

**<><><><><><><>**

श्री विजयपुरम में आज विकसित भारत युवा नेता संवाद 2027 को लेकर पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। कार्यक्रम अंडमान महिला मंडल में हुआ। विकसित भारत युवा नेता संवाद, युवा मामले और खेल मंत्रालय की पहल है। इसका उद्देश्य युवाओं को विकसित भारत 2047 के लिए अपने विचार और नए समाधान प्रस्तुत करने का अवसर देना है। राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम 10 से 12 जनवरी 2027 तक नई दिल्ली में होगा। इसमें 15 से 29 वर्ष की आयु के युवा भाग ले सकते हैं। भागीदारी की शुरुआत विकसित भारत प्रश्नोत्तरी से होगी। पात्र युवा 30 सितंबर तक माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर प्रश्नोत्तरी में भाग ले सकते हैं। पत्रकार वार्ता में द्वीप समूह के युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई।

**<><><><><><><>**

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय, उद्योग विभाग के समन्वय से आर ए एम पी योजना के तहत एक सहायता शिविर का आयोजन करेगा। यह शिविर 11 सितंबर को शहीद द्वीप के नील केंद्र सामुदायिक भवन में आयोजित किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों तथा अन्य लाभार्थियों को आर ए एम पी योजना के तहत मिलने वाली सहायता और सुविधाओं की जानकारी देना है। शिविर में अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में खगोलीय पर्यटन को बढ़ावा देने

पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके तहत खगोलीय पर्यटन के उपकरण खरीदने के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को मिलने वाली सहायता की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा, उद्यम पंजीकरण की प्रक्रिया, पात्रता और इसके लाभों के बारे में भी बताया जाएगा। प्रशासन ने पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों, होमस्टे संचालकों, उद्यमों और अन्य इच्छुक लोगों से शिविर में भाग लेने की अपील की है।

<><><><><><><>

आपदा प्रबंधन निदेशालय ने शिक्षा निदेशालय के सहयोग से विद्यालय सुरक्षा और आपदा तैयारी पर दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम श्री विजयपुरम के गोलघर स्थित आपदा प्रबंधन भवन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के चौथे चरण में सरकारी और निजी विद्यालयों के 50 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शिक्षकों को आपदा प्रबंधन, विद्यालय सुरक्षा, खोज एवं बचाव, प्राथमिक चिकित्सा और अग्नि सुरक्षा के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। विशेषज्ञों ने व्याख्यान के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, अग्निशमन सेवा, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा निदेशालय और आपदा प्रबंधन निदेशालय के विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण दिया। हैदराबाद स्थित भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र की वैज्ञानिक सुनंदा एम. वी. ने अंडमान और निकोबार में सुनामी के खतरे और उससे बचाव की तैयारियों के बारे में भी जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आज हुआ।

<><><><><><><>

कैंपबेल बे पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी मिथुन कीर्तनिया के नेतृत्व में पुलिस ने स्थानीय लोगों से मिली सूचना के आधार पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान संदिग्ध व्यक्ति के आवासीय परिसर में एक गमले में गांजे का पौधा मिला। पुलिस ने जोगिंदर नगर में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया और उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने अपने आवासीय परिसर में गांजे का पौधा उगाने की बात स्वीकार की। यह कार्रवाई निकोबार जिले के पुलिस अधीक्षक राहुल एल. नायर की देखरेख में की गई। पुलिस ने लोगों से अपराध या किसी अन्य अवैध गतिविधि की जानकारी तुरंत देने की अपील की है। इसके लिए 112, 03192–265242 और 9531–856–152 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

आकाशवाणी श्री विजयपुरम में प्रसारण सहायक के पैनल में शामिल करने के लिए चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उम्मीदवार का किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक होना जरूरी है। साथ ही, हिंदी और अंग्रेजी भाषा तथा कंप्यूटर का ज्ञान होना चाहिए। अधिकतम आयु 31 अगस्त 2026 को 40 वर्ष निर्धारित की गई है। केवल श्री विजयपुरम नगर पालिका क्षेत्र में रहने वाले उम्मीदवार ही आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र आकाशवाणी श्री विजयपुरम के ड्यूटी कक्ष से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 5 अक्टूबर है। अधिक जानकारी के लिए आकाशवाणी श्री विजयपुरम से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता 2026 में द्वीप समूह के युवा खिलाड़ी जे. एस. विराट ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं द्वीप समूह के एक अन्य खिलाड़ी आर. हर्षद ने भी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 3 से 9 सितंबर तक पांडिचेरी में किया गया।

<><><><><><><>